कोटा महिला कांग्रेस ने भाजपा मंत्री विजय शाह और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के पुतले फूंके

कोटा, (निसं)। महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम के नेतृत्व में संतोषी नगर चौराहा पर महिला कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह और मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के घोर आपत्तिजनक और निंदनीय बयानों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया और दोनों नेताओं का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शन दौरान महिला कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव राखी गौतम भी मौजूद रहीं।

मंत्री विजय शाह ने देश की गौरवशाली बेटी एवं भारतीय सेना की शौर्यवान अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर न केवल वीरांगना का अपमान किया बल्कि सेना और समूचे राष्ट्र की नारी शक्ति का भी घोर अपमान किया है। वहीं, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा भी महिलाओं को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी ने पूरे प्रदेश की नारियों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

इन शर्मनाक और निंदनीय टिप्पणियों से आक्रोशित महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जिला कांग्रेस कमिटी पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस, मण्डल कांग्रेस, पार्षद, सेवादल पदाधिकारी व अग्रिम संगठन पदाधिकारीयों सहित स्थानीय नागरिकों ने संतोषी नगर चौराहे पर एकत्रित होकर विजय शाह और जगदीश देवड़ा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाज़ी करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि "भारत की बेटियों का अपमान अब नहीं सहेगा हिंदुस्तान।" महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव राखी गौतम ने भाजपा के नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को 'आतंकवादियों की बहन' कहा है! जो कि पूर्ण रूप से शर्मसार हैं, उन्हें तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर, देशद्रोह का मुकदमा भी दर्ज किया जाए। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पार्षद शालिनी गौतम ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर ये नेता देश की बहादुर बेटियों और महिलाओं के सम्मान को बार-बार ठेस पहुंचा रहे हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी जैसी अधिकारी देश की शान हैं और उनके खिलाफ दिया गया बयान देश की हर महिला और सैनिक का अपमान है। महिला कांग्रेस ऐसे बयानों की घोर निंदा करती है और तब तक शांत नहीं बैठेगी जब तक इन नेताओं को उनके पदों से बर्खास्त नहीं किया जाता।

महिला कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि विजय शाह और जगदीश देवड़ा को उनके पदों से तत्काल बर्खास्त किया जाए और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए बाध्य किया जाए।

इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और युवाओं ने भाग लिया और नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, सुभाष सैनिक, अनुराग गौतम, अंकुर गौतम, नरोतम शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जॉन्टी बीरवाल, जयेश श्रृंगी, प्रफुल पाठक, मंडल अध्यक्ष संजय जैन, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहौरिया, डॉ.सौभागमल, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव इनायत अली, प्रदेश कॉर्डिनेटर आशीष गुर्जर, अंकित पांचाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष रमेश यादव, जिला महासचिव दीपक नागर, जिला सचिव वसीम भाटी, राहुल पुरुसवानी विष्णु गौतम , पूर्व सरपंच राजेंद्र खंडेलवाल, दीनदयाल नरवाला, रविन्द्र जोशी, सिंधी समाज अध्यक्ष निरंजन मेघानी, दीपक योगी, भगवान सिंह भाटी, करण सिंह नायक, आशीष नागर,महिला कांग्रेस पदाधिकारी राजदेवी चंदेल, लाड़ कंवर गोचर, संगीता सिसोदिया, अप्सरा अंसारी, पुष्पा गौतम, जाहिदा खानम, हेमलता यादव, चंद्रकला यादव, अमित दाधीच, पूर्व जिला पदाधिकारी मुकेश योगी, गोपाल गुप्ता,कैलाश पेशवानी, मनीष चौहान, रविन्द्र सिंह शक्तावत, नितेश पंकज, कृष्णा मेहरा, मनीष मेहता, लव बना, प्रमेंद्र आर्य, सिकंदर नायक, हीरालाल मीणा, सोनू बंसल, गौरव योगी, गजेंद्र सिंह, सुमित शर्मा, विक्की गौतम, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, वीरेंद्र यादव, हेमंत शर्मा, शिवराज गुर्जर, सिद्दीकी अंसारी, अमन खान, कुणाल शर्मा, सुरेन्द्र भील, पंकज जागा, बंटी पंकज, जीतू मीमरोट, पवन जांगिड़, अटल खंडेलवाल, प्रियांशु सिंघल, रोहित मीना, प्रमोद पांचाल, दीपक जायसवाल, शशांक सैनिक, सनी हुसैन, मुकुट बिहारी सैन, जीतू नागर, उमेश रेनवाल, को शुभम वैष्णव, हेमराज दाधीच, हिमांशु गौतम,दुष्यंत, रतन जैन, कल्याण यादव, अशोक मखीजा, श्याम शर्मा, शोएब, वासु, शाकिर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोटा में महिला कांग्रेस ने भाजपा मंत्री विजय शाह और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के पुतले फूंक कर विरोध दर्ज करवाया है।

■ 'यह केवल एक महिला का नहीं, देश की आत्मा का अपमान है'

रावतभाटा में बैठक आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा में न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स और राजस्थान परमाणु बिजलीघर की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए रावतभाटा नगर पालिका सभागार में शनिवार को सीएलजी, शांति समिति और पुलिस मित्रों की बैठक आयोजित की गई।

रावतभाटा उपजिला कलेक्टर महेश गगोरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागवत सिंह हिंगड़ व पदोन्नत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल प्रसाद मीणा ने बताया कि पुलिस ने सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। राजस्थान परमाणु बिजलीघर संयंत्र के आसपास नाकाबंदी की गई है। डॉग स्क्वायड से पूरे इलाके की जांच की जा रही है। आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा बढ़ाई गई है। मकान मालिकों को किरायेदारों का पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैलाने से बचें। किसी भी संदेह की स्थिति में प्रशासन से पुष्टि करें। रावतभाटा में ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। बैठक में रावतभाटा उपजिला कलेक्टर की उपस्थिति में सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। सीएलजी सदस्य, शांति समिति, पुलिस मित्र और ग्राम रक्षकों से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग मांगा गया है।

बैठक में रावतभाटा उपजिला कलेक्टर महेश गगोरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागवत सिंह हिंगड़, पदोन्नत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल प्रसाद मीणा, रावतभाटा थानाधिकारी रायसल सिंह शेखावत सहित कई अधिकारी, जन प्रतिनिधि, सीएलजी सदस्य, शांति समिति, पुलिस मित्र और ग्राम रक्षक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

मोदी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन

कोटा, (निसं)। मोदी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए हैप्पी क्लास रूम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य कक्षा को अधिक आनंदायक, सकारात्मक और सहयोगी वातावरण में बदलना रहा है। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षिका सारिका शर्मा और शिल्पा शर्मा ने बताया कि कैसे छात्र केन्द्रित शिक्षण विधियों और सकारात्मक संवाद के माध्यम से कक्षा में तनाव कम किया जा सकता है और सीखने की रूचि को बढ़ाया जा सकता है। कार्यशाला में सहभागियों को विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चा और प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। चैयरमेन सुशील मोदी ने बताया कि शिक्षकों के इस प्रशिक्षण मे आज के समय मे किए जा रहे नवाचार एवं विद्यार्थियों के अधिगम के बारे मे बताया गया है। प्रशिक्षण के उपरान्त मोदी एजुकेशन ग्रुप के निदेशक राघव मोदी ने विशेषज्ञों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा में नवाचार का मतलब शिक्षा प्रणाली में नए और बेहतर तरीके से सुधार लाना है। यह नवाचार न केवल तकनीकी का उपयोग करने के बारे में बल्कि कक्षा के माहौल को छात्रों के लिए अधिक आकर्षक बनाने के लिए भी हैं। प्राचार्या डॉ.नलिनी कुलश्रेष्ठ ने शिक्षकों से आग्रह किया कि आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में हर व्यक्ति तनावग्रस्त है और इसका असर हर आयु वर्ग पर हो रहा है। अत: विद्यार्थियों के शिक्षण में ऐसे तरीके अपनाए जाए जिससे कक्षा में उचित वातावरण बन सकें।

वंदना कैरियर इंस्टीट्यूट का सीबीएसई बोर्ड में बेहतर परिणाम रहा

कोटा, (निसं)। एक बार फिर वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड्स परीक्षाओं मे परचम लहराया है। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट का सीबीएसई में इस वर्ष भी बेहतर परिणाम रहा है। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के कक्षा दसवीं और बारहवीं के 9 स्टूडेंट्स ने मेरिट 90 प्रतिशत में अंक हासिल किये जिसमे कक्षा दसवीं के पांच स्टूडेंट्स शामिल रहे जिनमे अनन्या सिंह 95 प्रतिशत, वेदांतिका शर्मा 93 प्रतिशत, अविष्का तिवारी 91 प्रतिशत, अक्ष चौधरी 90 प्रतिशत, आयुष सैनी 90 प्रतिशत एवं बारहवीं के चार स्टूडेंट शामिल रहे जिसमे हर्षिता चौधरी 97 प्रतिशत, देवांश कौशिक 93 प्रतिशत, शौर्य मीणा 92 प्रतिशत, दीपांजलि शर्मा 91 प्रतिशत एवं अन्य स्टूडेंट्स ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे ने सभी स्टूडेंट्स को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए स्टूडेंट के आगे की शिक्षा को भी बेहतर कराने एवं उज्जवल भविष्य बनाने की बात कही है।

विधायक कल्पना देवी सभापति नियुक्त

कोटा, (निसं)। राजस्थान विधानसभा सचिवालय में महिला एवं बाल कल्याण संबंधी समिति में लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी को सभापति नियुक्त किया गया। जिसकी अगामी बैठक जयपुर में दिनांक 19 मई 2025 से 23 मई 2025 तक रखी गई है। इस बैठक में सभापति कल्पना देवी सहित 12 महिला विधायक सदस्य शांता अमृतलाल मीणा, डॉ.ऋतु बनावत, दीप्ति किरण माहेश्वरी, नौक्षम, डॉ.प्रियंका चौधरी, रमिला खड़ीया, डॉ. शिखा मील बराला, शिमला देवी, शोभा चौहान, शोभारानी कुशवाह, सिद्धि कुमारी, सुशीला रामेश्वर डूडी शामिल होंगी। समिति में महिला एवं बालकों के उत्पीड़न, दुर्व्यवहार तथा शोषण पर रोक लगाने तथा उनके कल्याण से शिकायतों के संबंध में विचार करना एवं कार्यवाही शामिल है। इसमें 14 वर्ष से कम आयु वाले बालक को राज्य के किसी कारखानों, होटलों, खानों एवं संकटमयी नौकरी में रखे गये पर कार्यवाही करना है, अनाथ आश्रम, संप्रेक्षण गृह, अनाथालय, महिला कल्याण गृह, विशेष पाठशालाओं का कार्यचालन एवं दहेज के कारण प्रदेश में होने वाली महिलाओं के शोषण एवं हत्या के प्रकरण, बालकों को नशीले पदार्थों एवं नशा लाने वाले अन्य वस्तुओं के सेवन से उत्पन्न बुराईयां पर कार्यवाही करना शामिल है।

भाजपा दीगोद मण्डल की कार्यकारिणी घोषित

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर की सहमति से मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार खंडेलवाल के द्वारा शनिवार को दीगोद मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिसमें उपाध्यक्ष के तौर पर सुनील नागर, गिरिराज बैरवा, सीताराम धाकड़, हरीश मीणा तथा चंद्रप्रकाश मोदी व लोकेश सुमन को लिया गया है। महामंत्री कमल सिंह गुर्जर, जगमोहन नागर, मुरली प्रजापति को बनाया गया है। कार्यकारिणी में प्रमोद शर्मा, लोकेश यादव, गंगाधर लोधा, कमलेश नागर, मनीषा मीणा व रेखा मेघवाल को मंत्री नियुक्त किया गया है। साथ ही, कोषाध्यक्ष के तौर पर विजय केवट को लिया गया है। इसके अलावा आईटी प्रमुख रामावतार धाकड़, सोशल मीडिया प्रमुख प्रदीप मेघवंशी, मन की बात प्रमुख हितेश गौतम व प्रवक्ता रामस्वरूप शर्मा को बनाया गया है। कार्यकारिणी में 42 सदस्य मनोनीत किए गए हैं।

नाबालिग ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम थाना इलाके में एक नाबालिग (16) ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका 11 वीं कक्षा की छात्रा थी, जिसके नम्बर भी अच्छे आये थे। आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू ने बताया कि इलाके के श्रीनाथपुरम निवासी एक नाबालिग छात्रा ने घर पर अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर सुसाईड कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आठ महीने पहले इसकी मां की कैंसर से मौत हो गई थी तभी से नाबालिग मानसिक रूप से तनाव में थी जिसके चलते उसने यह कदम उठाया है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

एलन कोटा के विद्यार्थियों का सीबीएसई कक्षा 10 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोटा, (निसं)। एलन कोटा के प्री-नर्चर एंड करियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) विभाग के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2024-25 में असाधारण प्रदर्शन किया है। संस्थान के छात्र अथर्व जैन और श्रेयश सिन्हा ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अथर्व जैन ने गणित और भाषा विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, वहीं श्रेयश सिन्हा ने भाषा में पूर्ण अंक अर्जित किया। विद्यार्थियों में हय्यान अहमद ने 98.4 प्रतिशत, सौरदीप कुंदू ने 98.2 प्रतिशत, (गणित और विज्ञान में पूर्णांक सहित), तेजस्वनी बरनाला ने 98 प्रतिशत, (विज्ञान में पूर्णांक सहित), समृद्धि शुक्ला, अभिमन्यु सिंह और प्रगुन ठाकुर ने 97.8 प्रतिशत, दिशा जैन और प्रांजल जोशी ने 97.6 प्रतिशत, केशव रेंडर ने 97.6 प्रतिशत, (गणित में पूर्णांक सहित), दृष्टि पटेल ने 97.4 प्रतिशत, (विज्ञान में पूर्णांक सहित), संजोलि गुप्ता, देवांशी जसावाल और अनुशा शुक्ला ने भी 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 25 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक, 104 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 469 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 57 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक (पूर्णांक) प्राप्त किए हैं।

आमजन ने बैनर पर प्रतिक्रिया लिखकर मंत्री और उप मुख्यमंत्री के खिलाफ आक्रोश जताया

कोटा (निसं)। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के द्वारा जिस प्रकार से भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अमर्यादित अपशब्द कहे गए हैं, उसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस के सदस्य क्रांति तिवारी के नेतृत्व में तलवंडी सर्कल पर 60 फिट का विशालकाय बैनर लगाया गया और उस पर आम जनकी प्रतिक्रिया लिखवाई गई।

बैनर पर आम जनता ने और महिलाओं ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। किसी ने लिखा जिस मामले में मध्य प्रदेश की हाई कोर्ट को स्वयं संज्ञान लेना पड़ा ऐसे मंत्री को भाजपा की सरकार क्यों बचा रही है उसे इस्तीफा नहीं ले रही है।

किसी ने लिखा जो नारी का सम्मान करना नहीं जानते वह मंत्री पद नहीं रहने चाहिए। किसी ने जय हिंद की सेना लिखा। लोगों ने अपने हिसाब से अपनी प्रतिक्रिया बैनर पर व्यक्त की है। तिवारी ने बयाया जिस प्रकार भाजपा के ही उप मुख्यमंत्री द्वारा फिर बदजुबानी करके भारतीय सेना का अपमान किया गया।

इस पर भी लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया आक्रोशित रूप में बैनर पर लिखी। लोगों ने बड़े आक्रोशित होकर अपनी प्रतिज्ञा लिखी और अपना आक्रोश व्यक्त किया। तिवारी ने कहा इस बैनर पर जनता की प्रतिक्रिया लेकर बैनर बीजेपी को भेजा जाएगा इस दौरान कांग्रेस के जिला महासचिव एडवोकेट मनीष गोचर धीरेन्द्र शर्मा हर्ष शर्मा उदयभान सिंह गौड अजय खजोतिया अशोक मेघवाल तौसीफ खान, डॉनी जांगिड इमरान कुरैशी, कमल सिंह भाटी सौरभ विजय, राजू अंसारी, बबलू राठौर सहित कई कार्यकर्ता अलग अलग जगहों पर बैनर लगाकर प्रतिक्रिया लेते रहे।

कोटा में पीसीसी मेंबर क्रांति तिवारी के नेतृत्व पर बैनर लगवाकर आमजन की प्रतिक्रिया ली गई।

समता आंदोलन स्थापना दिवस 25 को

कोटा, (निसं)। समता आंदोलन समिति कोटा महानगर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 'स्थापना दिवस महोत्सव' 25 मई 2025, रविवार को सायं 5.30 बजे हनुमान वाटिका, गोदावरी धाम, रावतभाटा रोड़ पर आयोजित किया जाएगा। संभागीय अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि आयोजन में समाज में जातिगत आरक्षण के दुष्परिणामों, सामाजिक असमानता और संविधान सम्मत समान अवसर की आवश्यकता जैसे विषयों पर सारगर्भित चर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाराशर नारायण शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष समता आंदोलन समिति होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा शैलेन्द्र गोदावरी धाम से करेंगे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से आए प्रतिनिधि जातिगत आरक्षण व्यवस्था से उत्पन्न सामाजिक विसंगतियों और उनके व्यक्तिगत अनुभव साझा करेंगे। आयोजन में समिति द्वारा सात सूत्रीय मांग-पत्र का भी वाचन किया जाएगा, जिसमें आरक्षण की समाप्ति, एससी/एसटी एक्ट के दुरुपयोग पर रोक, ईडब्ल्यूएस को सभी वर्गों पर समान रूप से लागू करने सहित सामाजिक समरसता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं। संभागीय संयोजक राजेन्द्र गौत्तम ने कहा कि यह महोत्सव केवल स्मरण या परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के लिए चल रहे एक व्यापक आंदोलन का हिस्सा है। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, महामंत्री रामबिहारी पारीक व कमलसिंह सहित समस्त कार्यकारणी आयोजन को सफल बनाने में जुटी है। समता आंदोलन समिति ने नागरिकों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

फूलों से सज्जित सुंदर नौका में ठाकुरजी विराजे

कोटा, (निसं)। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री मथुराधीश मंदिर पर शनिवार को श्री रणछोड़ाचार्य श्री प्रथमेश महाराज का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस दौरान नौका विहार का मनोरथ हुआ। नंदोत्सव मनाया गया।

महिला परिषद की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। जो कैथूनीपोल, टिपटा होते हुए वापस पाटनपोल स्थित मंदिर पर संपन्न हुई। भगवान मथुराधीश प्रभु के नौका विहार की झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्तों ने ठाकुरजी के साथ यमुना मैया के जयकारों से भवन को गूंजा दिया। इस अवसर पर प्रभु को विशेष शृंगार धराया गया।

मनोरथ के दौरान प्रभु के बगीचे में कमर तक जल भरकर नाव का मनोरथ किया गया। जल में विविध प्रकार के इत्र घोले गए। मोगरे, गुलाब, कमल आदि के पुष्प और लकड़ी से बने हुए मगरमच्छ और कछुए समेत विभिन्न खिलौने तैराए गए। चांदी की थाली में रुई से बनी हुई बतखें भी तेराई गई। फूलों से सुसज्जित सुंदर नौका में विराजित ठाकुरजी के विग्रह स्वरूप श्री मथुराधीश प्रभु वैष्णवों पर आनंद की वर्षा कर रहे थे। नौका सखियों और ग्वालों की मूर्ति से सुसज्जित थी।

प्रथम पीठ युवराज मिलन कुमार बावा ने बताया कि तात और गुरु नित्य लीलास्थ प्रथम ग्रहाधीश श्री रणछोड़ाचार्य श्री प्रथमेश महाराज के प्राकट्य उत्सव ज्येष्ठ कृष्ण पंचमी पर यह मनोरथ होता है। इसके अलावा वर्ष में दूसरी बार निर्जला एकादशी को भी प्रभु के नौका विहार का मनोरथ होगा। मनोरथ के दौरान 'नमो देवी यमुने नमो.., करत जल केल प्यारी.., बैठे घनश्याम खेवत है नाव.., वृंदावन जमुना जल चंदन पहर नव हरि.., कृपा रस नैन कमल दल.., बैठे बृजराज कुंवर प्यारी संग.., उठ चल बेग राधिका प्यारी, नवल किशोर नवल नागरी..' समेत विभिन्न पद कीर्तनों के साथ गूंजते रहे। महामंत्री मोनू व्यास ने बताया कि रविवार को प्रभु के फूल मंडली में दर्शन होंगे।

प्रतियोगिता आज

कोटा, (निसं)। विप्र फाउंडेशन कोटा के तत्वाधान मे प्रथम शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 18 में रविवार को मांगलेश्वरी गार्डन रंगबाड़ी रोड़ कोटा पर प्रात: 11 बजे से शुरू होगा। विप्र फाउंडेशन के प्रमुख संघठन महामंत्री हरिसूदन शर्मा ने बताया कि शतरंज प्रतियोगिता को तीन श्रेणीयों में विभक्त किया गया हैं। पहली श्रेणी में 10 वर्ष तक के प्रतियोगी भाग लेंगे, दूसरे वर्ग मे 11 से 15 वर्ष तक के, तीसरे वर्ग में 16 वर्ष से अधिक आयु के प्रतियोगी भाग लेंगे।

कोटा को दुर्घटना रहित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर बनाना संकल्प : बिरला

कोटा, (निसं)। शहर के विकास को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोटा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक बनाना हमारा लक्ष्य है। हर नागरिक तक बेहतर सुविधाएं पहुंचे, यह हमारा संकल्प है। इस दौरान नगर निगम, केडीए और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सड़कें सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त हो:- बिरला ने निर्देश दिए कि शहर की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाकर उन्हें चौड़ा किया जाए ताकि यातायात सुगम हो सकें। फुटपाथों को पुन: विकसित कर उन्हें पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां कचरा पात्र लगाने, गंदगी हटाने और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने को कहा। श्रीनाथपुरम चौराहे के पास व्यवस्थित वेंडिंग जोन और चौपाटी विकसित करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

दुर्घटनाओं की रोकथाम प्राथमिकता:- बिरला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन स्थानों की पहचान की जाए जहां बार-बार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और वहां सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता जरूरी है क्योंकि सड़क हादसों में सबसे अधिक युवा (18-35 वर्ष) जान गंवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि कोटा को दुर्घटना रहित शहर के रूप में स्थापित किया जाएं।

तीन जोन में बांटकर होगा नियोजित विकास:- बिरला ने कहा कि शहर को तीन जोन एजुकेशन, स्पोर्ट्स और एयरो सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में नागरिकों को किफायती आवास, पेयजल, बिजली, सीवरेज सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि शहर के पुराने नालों का जल प्रवाह सर्वे कराया जाएगा ताकि जलभराव की समस्या से निपटा जा सके और जरूरत पड़ने पर उन्हें फिर से डिज़ाइन किया जा सके। साथ ही नए पार्क और ज़रूरत के अनुसार स्पीड ब्रेकर भी बनाए जाएंगे।

पर्यटन और सार्वजनिक सुविधाओं का होगा विस्तार:- बिरला ने कहा कि कोटा में देशभर से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं, इसलिए यहाँ संविधान पार्क का निर्माण किया जाएगा जहाँ युवा संविधान की मूल अवधारणाओं को समझ सकें। वैदिक संस्कृति पर आधारित 'वैदिक पार्क' बनेगा। पुराने खेल मैदानों के पुर्नद्धार और नए मैदानों के निर्माण की दिशा में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करने आवश्यक निर्देश दिए हैं।

■ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया

शिक्षा का केंद्र अब बना फिल्मी सितारों का ठिकाना, कोटा में वेब सीरिज की शूटिंग

कोटा, (निसं)। राजस्थान का शैक्षिक गढ़ कोटा अब बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए एक प्रमुख शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। एक ऐसा शहर जो कभी विद्यार्थियों के सपनों का संवाहक माना जाता था, आज फिल्म निर्माताओं की रचनात्मक आकांक्षाओं का भी केंद्र बन गया है। हालिया घटनाक्रम में, जाने-माने अभिनेता विनीत कुमार, जिन्होंने 'छावा' में कवि राज के किरदार से दर्शकों के दिलों में विशेष जगह बनाई, टीवीएफ (द वायरल फीवर) द्वारा निर्मित नई वेब सीरीज 'हेलो बच्चों' की शूटिंग वी.के.जेटली के निवास श्रीनाथपुरम पर कर रहे हैं।

विनीत अपने उत्कृष्ट अभिनय के लिए 'हम हैं राही प्यार के', 'शंकर दादा', 'ज़ख्मी' और 'अनामिका' जैसी फिल्मों से पहचाने जाते हैं। इस वेब सीरीज में उनके साथ ऑस्कर विजेता फिल्म 'आरआरआर' और दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित बाल कलाकार वरुण भूदेव भी अभिनय कर रहे हैं, जिन्होंने 'तुलसीदास जूनियर', 'छावा' और 'बुलबुल' जैसी फिल्मों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 'लाइट-कैमरा-साउंड-एक्शन' के साथ वेब सीरीज़ के पहले शॉट ने कोटा के फिल्मी इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है, हेलो बच्चों छात्रों के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाती है, परीक्षा का दबाव, संघर्ष की घड़ियाँ, और सफलता के बाद जीवन में आने वाले परिवर्तन। यह वेब सीरीज़ युवाओं को एक सार्थक संदेश देती है कि सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी उन्हें अपने परिवार, शिक्षकों और समर्थकों के प्रति कृतज्ञ और विनम्र रहना चाहिए।

जेटली के निवास पर पात्र अंकित के कोटा में अध्यायपन के समय को दर्शाया गया है। वीके जेटली ने कहा, मुझे गर्व है कि कोटा अब सिर्फ शैक्षिक परिदृश्य में ही नहीं, बल्कि फिल्म जगत में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है।

कोटा पहले ही 'कोटा फैक्ट्री', 'बद्री की दुलहनिया', 'टीवीएफ एस्पिरेंट्स', 'मर्दानी 2', और 'इत्तु सी बात' जैसी कई लोकप्रिय फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग का केंद्र रह चुका है। इन प्रोजेक्ट्स की भारी सफलता ने कोटा को फिल्म निर्माताओं के रडार पर प्रमुखता से स्थापित कर दिया है। टीवीएफ, जिसने 'पंचायत', 'टीवीएफ पिचर्स', 'गुल्लक', 'हॉस्टल डेज़', 'ये मेरी फैमिली', 'एस्पिरेंट्स' और 'परमानेंट रूममेट्स' जैसी हिट वेब सीरीज़ का निर्माण किया है, ने 'हेलो बच्चों' के माध्यम से एक बार फिर कोटा की मिट्टी से एक मार्मिक कहानी गढ़ने का प्रयास किया है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 42/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री रामेश्वर प्रसाद विजय पुत्र श्री केसर लाल विजय निवासी नई आकाशवाणी कालोनी कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास "गीता सत्संग आश्रम समिति कोटा" गीता भवन कोटा में प्रन्यासियों व संस्था के नाम में हुए को प्रन्यास में दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किए जाने के लिए प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास व संस्था के नाम में हुए परिवर्तन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 18.06.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा